# कर्मवीर

## अति लघु उत्तर लिखिए -

(क) बाधाओं और विघ्नों से कर्मवीर व्यक्ति नहीं घबराते हैं |

(ख) इस कविता से हमें यह सीख मिलती है कि हमें कठिनाइयों का सामना करते हुए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए |

## लघु उत्तर लिखिए -

(क) बुरे दिन अच्छे तब होंगे जब लोग विघ्न - बाधाओं को देखकर घबराएँगे नहीं बल्कि उनका वीरता से सामना करें |

(ख) ' कौन - सी है गाँठ जिसको खोल वे सकते नहीं , का भाव है - ऐसी कौन - सी मुश्किलें और बाधाएँ हैं जिन्हें कर्मवीर व्यक्ति पार नहीं कर सकते है , अर्थात कर्मवीर व्यक्ति प्रत्येक बढ़ा को पार कर सकता है |

## दीर्घ उत्तर लिखिए –

(क) पाठ के अनुसार कर्मवीर व्यक्ति प्रत्येक बाधा को दूर कर सकते हैं | चिलचिलाती धुप की चाँदनी के रूप में परिवर्तन कर सकते हैं | आवश्यकता पड़ने पर शेर का भी सामना कर सकते हैं तथा किसी भी परेशानी को हँसते हुए दूर कर सकते हैं |

(ख) मनुष्य का जीवन हर पल आशाओं और इच्छाओं से भरा रहता है | हर व्यक्ति अपनी आशाओं और इच्छाओं को पूरा करना चाहता है | इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत रहता है | कठिन और दुर्गम कार्यों को करने से भी नहीं घबराता | यही

प्रयास उसे सफलता की ओर अग्रसर करता है | ऐसे ही लोगों से देश और मानव जाति की भलाई होगी | वे लोग ही देश का गौरव बनेंगे |

(ग) कवि कहते हैं कि वे देश जो संपन्न हैं , शिक्षित हैं , बुद्धि , विद्या , वैभव का जहाँ साम्राज्य है , उन देशों की उन्नत स्थिति कर्मवीरों से है |

देश और समाज का उत्थान तभी संभव है जब देश में ऐसे कर्मवीर जन्म लेंगे | देश को ऐसे ही वीरों पर गर्व है जिन्होंने अपनी मेहनत , बुद्धि और कर्मठता के बल पर देश का नाम ऊँचा किया है अर्थात देश का और सबका विकास होगा |